कार्रवाई

आदिवासियों की जमीन खरीद-फरोख्त मामले में दो दिन से जांच जारी

# बेनामी संपत्ति पर आयकर विभाग की कार्रवाई






**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में बेनामी संपत्ति और आदिवासियों की जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त को लेकर आयकर विभाग की कार्रवाई शनिवार को भी जारी रही। भोपाल और जबलपुर से आई टीमों ने वारासिवनी क्षेत्र के एक आदिवासी युवक और उससे जुड़े प्रॉपर्टी ब्रोकरों के ठिकानों पर दबिश देकर दस्तावेजों की जांच की।

जानकारी के अनुसार, वारासिवनी निवासी गणेश नामक आदिवासी के नाम पर करोड़ों की जमीन खरीदी गई है। आरोप है कि जिले के रसूखदार प्रॉपर्टी ब्रोकरों ने भारी निवेश किया है और आदिवासी युवक को केवल एक मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया है। आयकर विभाग को इन संपत्तियों के लेनदेन में भारी वित्तीय अनियमितताओं की सूचना मिली थी।

जांच का मुख्य आधार स्टाम्प ड्यूटी और पैन कार्ड के विवरण हैं। नियमों के अनुसार, एक लाख रुपए से अधिक की स्टाम्प ड्यूटी पर आयकर रिटर्न की जानकारी देना अनिवार्य है। करोड़ों के इस सौदे में रिटर्न दाखिल न होने के कारण आयकर विभाग ने इसे संदिग्ध माना और शुक्रवार से ही जिले में मोर्चा संभाल लिया।

शनिवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने गणेश और इस मामले से जुड़े कई प्रॉपर्टी ब्रोकरों से बंद कमरे में लंबी पूछताछ की। टीम ने जमीन के सौदों से संबंधित कई अहम दस्तावेज जब्त किए हैं।

# सुसवा, भालवा के विराट रायगढ़े ने 10 वीं में 96 .2% अंक लाकर रचा इतिहास

### डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का है लक्ष्य, क्षेत्र और समाज में हर्ष की लहर



**नवभारत, बालाघाट।** शिक्षा के क्षेत्र में बालाघाट जिले के विद्यार्थियों ने सदैव ही अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इसी क्रम में तहसील किरनापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुसवा (भालवा) के एक होनहार छात्र विराट रायगढ़े ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विराट ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य निर्धारित हो और इरादे नेक हों, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

विराट रायगढ़े, एमसीएस पब्लिक स्कूल बालाघाट के नियमित छात्र हैं। उन्होंने अपनी बोर्ड परीक्षा में कुल 500 अंकों में से 481 अंक अर्जित किए हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालय का नाम ऊंचा किया है, बल्कि सुसवा, भालवा क्षेत्र के गौरव में भी वृद्धि की है। विराट के पिता देवेंद्र रायगढ़े, जो क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित और सफल व्यवसायी हैं, तथा माता योगेश्वरी रायगढ़े ने बताया कि विराट शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर रहा है। उसने बिना किसी भारी दबाव के नियमित अध्ययन को अपनी सफलता का आधार बनाया।

अपनी इस बड़ी जीत के बाद विराट ने अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण साझा किया। विराट ने बताया कि उनकी रुचि विज्ञान में है और वे उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए बायोलॉजी (जीव विज्ञान) विषय का चयन करेंगे। विराट का सपना भविष्य में एक कुशल डॉक्टर बनकर चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाना है, ताकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकें। विराट की इस स्वर्णिम सफलता की खबर फैलते ही पूरे रविदास समाज और किरनापुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि विराट जैसे प्रतिभावान छात्र क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस विशेष उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और उनके इष्ट-मित्रों ने विराट के उज्ज्वल और मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

# मनोनीत पार्षदों का जिला भाजपा ने किया सम्मान



**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालाघाट में भाजपा के जिला अध्यक्ष श्रीरामकिशोर कावरे जिला महामंत्री संजय मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अनिल धूवारे के द्वारा दिनांक 18 को बालाघाट जिले की समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों,उपाध्यक्षों के साथ वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन के द्वारा समस्त मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) का सम्मान किया गया,साथ ही किस प्रकार अपने क्षेत्र में अच्छे से अच्छा कार्य मनोनीत पार्षद के द्वारा किया जा सके इस बारे में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामकिशोर कावरे जी के द्वारा सभी को विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला संगठन का हार्दिक आभार की आपने मनोनीत पार्षद के चयन के लिए इस विशाल संगठन से हम कुछ लोगों को इस कार्य करने का अवसर प्रदान किया जिसके लिए आप सभी का हृदय की गहराई से धन्यवाद व साधुवाद । आपके विश्वास में पूर्ण रूप से पार्टी की रीतियों और नीतियों के अनुसार खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे।

# राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन 3 मई को लांजी मुख्यालय में



**नवभारत, बालाघाट।** संस्था अपने उद्देश्य आदर्श बौद्ध समाज का निर्माण करते हुए निरंतर अग्रसर हो रही है,इसी परिपेक्ष में मप्र के जिला बालाघाट की लांजी तहसील मुख्यालय एवं अन्य स्थानों में संस्था के प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन मप्र राज्य शाखा द.के अनुशंसा से केंद्रीय शाखा मुंबई के निर्देशानुसार जिले के दस तहसील/सर्कल मुख्यालयों में दस दिवसीय उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर 24 अप्रैल से 3 मई,1 से 3 मई तक समता सैनिक दल का सैनिक एवं 24 अप्रैल से 3 मई 2026 तक दस दिवसीय श्रामणेर-बौद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन किया गया हैं, शिविरो के समापन अवसर पर लांजी मुख्यालय में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन आयोजित किया हैं जिसके मुख्य अतिथि बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र परम आद.डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब होंगे,अध्यक्षता प्रमोद कुमार भीमटे तहसील अध्यक्ष लांजी एवं अशोक कुमार मेश्राम जी स्वागत अध्यक्ष होंगे,प्रमुख अतिथियों में संस्था कैप्टन प्रवीण निखाड़े जी अंतरराष्ट्रीय सचिव मुंबई, एड.एस के भंडारे ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डॉ.एवं एड.जगदीश गवई सर, बी.एच.गायकवाड गुरुजी मुंबई, डॉ. चरनदास ढ़ेंगरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा द.बालाघाट, गौतम पाटिल जी राज्य संगठक भोपाल, सी.एल.बौद्ध सर राष्ट्रीय संगठक दतिया मप्र,आर.सी.दिवाकर जी अध्यक्ष मप्र उत्तर,शिवपुरी,अनिल भाऊ मेश्राम अध्यक्ष छ.ग.राज्य शाखा भिलाई एवं अन्य पदाधिकारी रहेंगे, विशेष अतिथियों में मप्र राज्य शाखा,मप्र के विभिन्न जिला शाखाओं के बालाघाट जिला एवं सभी तहसील शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सभी बौद्ध आंबेडकरी अनुयायियों की उपस्थिति में यह विशाल सम्मेलन सम्पन्न होगा।

# बालाघाट में प्रस्तावित 205 फीट हनुमान प्रतिमा हेतु चित्रकूट में संत

### जगतगुरु रामभद्राचार्य से मंदिर समिति की सौजन्य भेंट



**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के भरवेली क्षेत्र अंतर्गत हीरापुर स्थित सिद्धपीठ विष्णुधाम मंदिर में बनने जा रही विश्व की सबसे भव्य एवं विशाल 205 फीट ऊँची भगवान श्री हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा एवं भव्य मंदिर निर्माण के महा संकल्प को संतों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 16 अप्रैल 2026 को मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पवित्र नगरी चित्रकूट में स्थित श्री तुलसी पीठ सेवा न्यास पहुँचकर जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी से सौजन्य भेंट की गई।

इस अवसर पर समिति द्वारा जगतगुरु जी को श्रद्धा एवं सम्मान स्वरूप कोदो का चावल एवं सत्तू भेंट किया गया, जिसे उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार किया।

भेंट के दौरान प्रस्तावित 205 फीट हनुमान प्रतिमा एवं भव्य मंदिर निर्माण के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी ने इस महापावन कार्य के लिए अपना पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए इसे सनातन धर्म, आस्था एवं सांस्कृतिक जागरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने भविष्य में बालाघाट पधारकर इस दिव्य कार्य हेतु अपने आशीर्वचन प्रदान करने की सहमति भी प्रदान की, जिससे समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में अत्यंत हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।

यह प्रस्तावित निर्माण केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि रामभक्ति, हनुमत शक्ति एवं सनातन गौरव के पुनर्जागरण का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था का केंद्र बनेगा।

मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से इस दिव्य संकल्प में सहभागी बनने का आह्वान किया है, ताकि यह महाअभियान शीघ्र ही पूर्णता को प्राप्त कर सके।

# किचन से लेकर संसद तक नारी शक्ति की आवाज को बल देने के प्रयासों के लिये प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद : स्मिता

### वारासिवनी में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत महिला पदयात्रा आयोजित




**नवभारत, वारासिवनी।** नगर मे 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में आज 17 अप्रैल 2026 को कलेक्टर मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में भव्य महिला पदयात्रा का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा पुलिस विभाग, सामाजिक संघटन के समन्वय से किया गया। जिसमे पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पूर्व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पटले, किरण शर्मा, पूर्व जप अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बिसेन सहित सैकडो प्रभावशाली महिलाओ ने भी सहभागीता कर केन्द्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद इस आशय से ज्ञापित किया की उन्होने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदर्भ मे सदन मे बिल पास करने रखा है।

नगर के तहसील कार्यालय के मैदान से एक विशाल रैली निकालकर नारी शक्तियो ने नारी शक्ति सम्मान राष्ट का अभिमान, सशक्त नारी सशक्त समाज जैसे नारो से बस स्टाप, जय स्तंभ चौक, नगर पालिका के सामने से होते हुये गोलीबारी चौक मे एक सभा मे परिवर्तीत करने का कार्य किया। पदयात्रा का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दादरे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पा अमूले, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बिसेन, पार्षद श्रीमती मधु जैसवाल, श्रीमती दीपा रूसिया , किरण खोखले जिला महा मंत्री , श्रीमती निर्मला पटले , श्रीमती रेखा गोखले , श्रीमती किरण शर्मा एवं सर्व महिला शक्ति द्वारा किया गया।

इस दौरान विकासखंड वारासिवनी से बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस पदयात्रा मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग की महिलाओं, कृषि विभाग की कृषि सखियों, आजीविका मिशन की दीदियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महिलाओं ने हाथों में सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों की तख्तियां लेकर जन-जागरूकता का संदेश दिया तथा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक)' के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए सरकार के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल ने मिडिया के सवालो पर कहा की आज पदयात्रा रूपी रैली मे नारीयो ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। सबसे पहले वे सभी नारी शक्ति की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित करती है की अब घर के किचन से लेकर संसद तक नारी शक्ति की आवाज राष्ट को मजबूत करने के लिये अधिक संख्या मे गूंजेगी। पहले केन्द्र व राज्य सरकारो ने नारी शक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत किया और अब महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रयास कर नारी शक्ति को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य किया है।

इसी तरह नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करता है।

पूर्व भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला पटले ने कहा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम से न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि समाज के समग्र विकास, समानता और सशक्तिकरण को भी नई दिशा मिलेगी।

## थाने के सामने सरेराह महिला की पिटाई, कपड़े फाड़े

**जबलपुर।** गोहलपुर थाने के सामने एक पीड़िता जब अपने पति की धमकियों से डरकर न्याय की गुहार लगाने थाने जा रही थी, तभी थाने के बिल्कुल पास सड़क पर उसे घेरकर बेरहमी से पीटा गया। पति की महिला मित्र और उसके बेटों ने सरेआम महिला के बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटका और उसके कपड़े तक फाड़ दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार समता कॉलोनी निवासी श्रीमती कंचन तलरेजा की शादी वर्ष 2000 में संजय तलरेजा के साथ हुई थी। पिछले कुछ समय से उनका वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि उनके पति संजय तलरेजा, अपर्णा ठाकुर नामक महिला के साथ रहते हैं और उन्होंने न्यायालय में तलाक का केस भी लगा रखा है। विवाद का मुख्य कारण कृषि उपज मंडी स्थित दो दुकानें हैं, जिस पर पति ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। सुबह पति ने पीड़िता को फोन पर दुकान आने को कहा, मना करने पर घर में घुसकर मारने की धमकी दी।

## 101 वर्षीय बुजुर्ग की पेंशन पर ई-रिक्शा चालक ने साफ किया हाथ, 50 हजार की चोरी

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में एक शातिर ई-रिक्शा चालक ने अपनी उम्र का शतक पूरा कर चुके एक 101 वर्षीय बुजुर्ग की पेंशनर की गाढ़ी कमाई के 50 हजार रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है ।पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के कुशीनगर की रहने वाली श्रीमती शिवकुमारी शर्मा (57) अपने 101 वर्षीय पिता रामचंद्र शर्मा से मिलने जबलपुर आई हुई थीं। उनके पिता शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त पेंशनर हैं और अधारताल के महाराजपुर कमानिया गेट इलाके में रहते हैं। शिवकुमारी अपने पिता की पेंशन निकालने के लिए उन्हें लेकर गोकलपुर रांझी स्थित सेंट्रल बैंक जाने के लिए घर से निकलीं।



# लिटिल किंगडम स्कूल ,बैहर का परीक्षा परिणाम रहा 100%

**नवभारत, बैहर।** लिटिल किंगडम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,बैहर ने लगातार कक्षा 10ह्ल्द्ध मे सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने की अपनी परम्परा को कायम रखते हुए पुनः इस वर्ष 100% रिजल्ट दिया है।

कक्षा के कुल स्टूडेंट्स मे से 29% स्टूडेंट्स ने 90% या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं एवम 52% स्टूडेंट्स ने 84% से ज्यादा अंक हासिल किए हैं, जो कि शिक्षकों द्वारा हर बच्चे पर की गई मेहनत को दर्शाता है एवम विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दिखाता है ।स्कूल के डायरेक्टर श्री प्रवीण कुमार मिश्रा ने सभी होनहार विद्यार्थियो को हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाएं दी हैं।

उल्लेखनीय है कि स्कूल के 6 विद्यार्थियो ने जिले की मेरिट लिस्ट मे क्रमशः 1st, 4th, 8th , 9th एवम 10th स्थान हासिल किया है एवम इस वर्ष 2026 से लिटिल किंगडम स्कूल,अपग्रेड होकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल हो गया है एवम स्कूल मे कक्षा 11 वी मैथ्स, बायोलॉजी एवम कामर्स मे प्रवेश प्रारंभ हो गये हैं।

# पिता का साया उठा, बेटी ने स्कूल में किया टॉप

▶ नांदी हाईस्कूल में बेटियों ने मारी बाजी



**नवभारत कटंगी 18अप्रैल।** पिता जीवन का सहारा थे। हर सुबह स्कूल जाते समय उनकी आंखों में गर्व और प्यार झलकता था, लेकिन अचानक किस्मत ने करवट ली और पिता का साया सिर से उठ गया। घर में सन्नाटा छा गया, मां की आंखों में आंसू और बेटी के दिल में खालीपन था, किंतु आज फिर से परिवार में खुशियां छाई हुई है।

दरअसल, जिस बेटी के सिर से पिता का साया उठ चुका है उस बेटी ने अपने पिता और परिवार के सपने को साकार करते हुए स्कूल में टॉप किया है। यह कोई किस्सा-कहानी नहीं बल्कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं में नांदी हाईस्कूल में टॉप करने वाली स्वाति मेश्राम की हकीकत है। स्वाति के पिता फिरोज मेश्राम की मौत हो गई है और मां सीमा मेश्राम आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता है।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

शनिवार को शासकीय हाईस्कूल नांदी में एक समारोह का आयोजन कर स्वाति मेश्राम सहित स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि 97 प्रतिशत अंक के साथ स्वाति मेश्राम ने स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं 92.6 प्रतिशत अंक से निधी वाघाड़े ने दूसरा, 92 प्रतिशत अंक से हिमांशी ने तीसरा, 91.6 प्रतिशत अंक से दिपांजली पटले ने चौथा और 83.8 प्रतिशत अंक के साथ रिया गौतम ने पांचवा स्थान पाया है।

# झंडे उठाने वाले, झंडे गाड़ नहीं सकते : संजय अशक

▶ महात्मा फुले और बाबा साहब की जंयती पर समतपुरी में कवि सम्मेलन आयोजित



**नवभारत कटंगी 18 अप्रैल।** मुख्यालय से 9 किमी दूर ग्राम समतपुरी में महात्मा फुले और बाबा साहब आम्बेडकर की संयुक्त जयंती 17 अप्रैल को बड़े धूम-धाम से मनाई गई।

ग्राम में शाम को रैली निकालकर मंचीय उद्बोधन दिया गया। फिर रात्रि 9.30 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां जिले की नामचीन हस्तियों ने शिरकत कर एक शाम बाबा साहब के नाम कार्यक्रम को यादगार बना दिया। स्थानीय कवि गोंविदा गावठी के संयोजन और राष्ट्रीय कवि शैलेश शैल के बेहतरीन संचालन में रात 1 बजे तक श्रोताओं ने कविताओं का आनंद लिया।

### लता शबनम की सुमधुर आवाज में बुद्ध वंदना की गई

सब टीवी फेम लता शबनम की सुमधुर आवाज में बुद्ध वंदना की गई। तत्पश्चात पुलपुट्टा के युवा कवि संजय अश्क की कविताओं से मंच की शानदार शुरुआत की गई। उनकी पंक्तियां दुम हिलाने वाले शेर सा दहाड़ नहीं सकते, तूफानों से डरने वाले बन पहाड़ नहीं सकते, इसके उसके पिछे ही घूमते रह जायेंगे, झंडे उठाने वाले, झंडे गाड़ नहीं सकते, खूब पसंद की गई।

### अंतू झकास के भीम गीत को बहुत पसंद किया गया

इसके बाद मनोज रामटेके के मुक्तक पर खूब तालियां मिलीं। बालाघाट की कवयित्री लता शबनम की पंक्तियां मेरा शत् शत् नमन है, देश के उस युग प्रणेता को हमें हक दे गया उस शेरे दिल जांबाज नेता को, हमारे पांवों से जूल्मों की बेड़ी तोड़ दी जिसने, नमन प्रज्ञा प्रकाशी धन्य उस भिमाई को, पर खूब वाहवाही मिली। अंतू झकास के हास्य पर खूब ठहाके लगे। उनका भीम गीत बहुत पसंद किया गया। गोंविदा गावठी के गीत कानों में मिश्री की तरह घुल गये।

### आसमां से ऊंचे काम जिसके है, दुनिया में चर्चे सरेआम उसके है : शैल

अंत में शानदार संचालन करते देश के मशहूर कवि शैलेश शैल की कविताओं ने शमां बांध दिया। उनकी पंक्तियां आसमां से ऊंचे काम जिसके है, दुनिया में चर्चे सरेआम उसके है। दासता से मुक्ति दिलाकर बता दिया भीम ने, हम है मर्ज़ी के मालिक, गुलाम किसके है, ने सबका दिल जीत लिया। अंत में सभी कवियों का आभार समिति ने व्यक्त किया।